Reg. No. : ....

Name : ....

DON BOSCO ARTS AND SCIENCE COLLEGE
LIBRARY
BA
ANGADIKADAVU

M 10191

II Semester B.A./B.Sc./B.Com./B.B.A./B.B.A. T.T.M./B.B.M./B.C.A./B.S.W. (CCSS-Regular/Supplementary/Improvement) Degree Examination, March 2011

HINDI (Common Course for B.A./B.Sc.)

(2A08 - HIN) Prose and One Act Play for Communication Skill

Time: 3 Hours Max. Weightage: 30

निर्देश : किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(Weightage 2×3=6)**

1. रंग से उसका अति परिचय यह विश्वास उत्पन्न कर देता था कि वह आँखों पर पट्टी बाँध देने पर भी स्पर्श से रंग पहचान लेगा।
2. मनुष्य का जीवन इतना विशाल है कि उसके आचरण को रूप देने के लिए नाना प्रकार के ऊँच-नीच और भले-बुरे विचार, अमीरी और गरीबी, उन्नति और अवनति इत्यादि सहायता पहुँचाते हैं।
3. पुस्तकालय छोटा होने पर भी यहाँ काफी पुस्तकें हैं, पुस्तकालयाध्यक्ष तो सौजन्य की मूर्ति हैं।
4. आज के इस बढते औद्योगिकीकरण और शोर से इलाहाबाद अछूता है और यही इसकी विशेषता भी है।
5. चीनी छोटी अवस्था में ही समझ गया था कि धन संचय से संबंध रखनेवाली सभी विद्याएँ एक-सी हैं।

निर्देश : किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए : **(Weightage 2×3=6)**

6. आचरण की सभ्यता के महत्व पर प्रकाश डालिए।
7. चीनी फेरीवाला क्यों स्वदेश लौट गया ?
8. 'मेरी हिमाचल यात्रा' में प्रकृति का वर्णन किस प्रकार हुआ है ?
9. शिमला नगर का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
10. इलाहाबाद के मुख्य आकर्षणों का उल्लेख कीजिए।

निर्देश : किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए : **(Weightage 4×1=4)**

11. राहुल सांस्कृत्यायन की हिमाचल यात्रा का वर्णन कीजिए।
12. चीनी फेरीवाले की करुणापूर्ण कहानी का परिचय दीजिए।

निर्देश : निम्नलिखित अवतरण पढकर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखिए : **(Weightage 1×1 bunch=1)**

13. ''ऐसी बालिकाओं का जीवन खतरे से खाली नहीं रहता। कभी वे मूल्य देकर खरीदी जाती हैं और कभी बिना मूल्य के गायब कर दी जाती हैं।''

अ) ये वाक्य किस पाठ से लिए गए हैं ?

आ) यह किसकी रचना है ?

इ) यहाँ किस बालिका की चर्चा हुई है ?

ई) बालिका की दुरवस्था किसके कारण हुई थी ?

निर्देश : किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(Weightage 2×3=6)**

14. सब अन्धे हैं। ताकत के अन्धे ! जो सामने आता है, उसे कुचल देना चाहते हैं। चाहे वह फूल हो, चाहे पत्थर ...

15. यदि प्राणों का इतना मोह था, तो फिर यह महाभारत क्यों मचाया ? न्याय को ठोकर मारकर अन्याय का पथ क्यों ग्रहण किया ?

16. नहीं जीजी, यह घर की नहीं, सारे देश की क्षति है। देश क्या हमसे और हम क्या देश से अलग हैं ?

17. विफलता के इस मरुस्थल में अब एक बूँद आएगी भी तो सूखकर खो जाएगी।

18. गोली उन्हें आत्मरक्षा के लिए नही दी जाती, जनता की रक्षा के लिए दी जाती है।

निर्देश : किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए : **(Weightage 2×3=6)**

19. 'महाभारत की सांझ' शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए।

20. 'सीमारेखा' एकांकी का संदेश क्या है ?

21. दुर्योधन को क्यों एकांकीकार सुयोधन मानते हैं ?

22. सविता का चरित्र-चित्रण कीजिए।

23. अपने पक्ष के समर्थन में युधिष्ठिर क्या-क्या तर्क प्रस्तुत करते हैं ?

निर्देश : निम्नलिखित अवतरण पढकर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखिए : **(Weightage 1×1 bunch=1)**

24. ''वहाँ नहीं, आपको मेरे साथ चलना है। आपको जनता के पास चलना है। जनता में बडी उत्तेजना है। विद्यार्थी पीछे रह गये, दूसरे राजद्रोही तत्त्व आगे आ गए हैं और विजय ने गोली चलाने से इन्कार कर दिया है।''

अ) प्रस्तुत कथन किस एकांकी से उद्धृत है ?

आ) एकांकीकार का नाम क्या है ?

इ) यह किस कथापात्र का कथन है ?

ई) वक्ता के साथ किसको चलना है ?